दिल्ली में नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार की घटनाएं

56. **प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में पिछले चार वर्षों के दौरान 10 वर्ष से कम आयु की लडकियों से बलात्कार की वर्ष-वार कितनी घटनाएं हुई हैं;

(ख) इन अपराधों में कितने व्यक्ति गिरफ्तार हुए; और

(ग) उनमें से कितने व्यक्तियों को सजा हुई और ऐसे किसी भी मामले में अधिकतम सजा क्या दी गई?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) से (ग) दिल्ली में पिछले चार वर्षों के दौरान 10 वर्ष से कम आयु की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटनाओं की वर्षवार संख्या और इन मामलों में गिरफ्तार किये गये और दंडित व्यक्तियों की संख्या निम्नलिखित है-:—

वर्ष	घटनाओं की सं॰	गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की सं॰	अब तक दण्डित व्यक्तियों की संख्या	
1993	53	50	7
1994	55	55	3
1995	67	66	2
1996	97	84	1

1995 के एक मामले में दी गई अधिकतम सजा मृत्यु दण्ड थी जिसके विरुद्ध दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की गई है।

Withdrawal of Assam Rifles from Kangla Fort

57. SHRI K.R. MALKANI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Manipuris look upon Kangla Fort, Imphal as the symbol of their identity;

(b) whether it is a fact that Manipuris resent the occupation of Kangla Fort by Assam Rifles;

(c) whether Government would consider moving out the Assam Rifles and converting Kangla Fort into a National Monument;

(d) if so, by when; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MOHD. MAQBOOL DAR): (a) and (b) Yes Sir.

(c) to (e) It has been decided by the Government to convert the Kangla Fort into a National Monument. Accordingly, a portion of the Kangla Fort comprising of 37 acres of land with buildings have been vacated. Since the presence of Assam Rifles is an operational necessity in manipur, Assam Rifles will be moved out as soon as alternate accommodation becomes ready for occupation at Kaithalmanbi.

पाकिस्तान सीमा से राजस्थान में अवैध घुसपैठ

58. **श्री ओंकार सिंह लखावत**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सीमा सुरक्षा बल ने राजस्थान से जुड़ी हुई पाकिस्तान की सीमा से राजस्थान में अवैध रुप से प्रवेश करने वाले कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) पाकिस्तान से जुड़ी सीमा से देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, कितने व्यक्तियों को आरोपित किया गया, उन पर क्या-क्या आरोप लगाए गए और उनके विरुद्ध क्या कानूनी कार्यवाही की गई; और

(ग) राजस्थान की सीमा पर कंटीले तार की बाड़ के बावजूद पाकिस्तानी नागरिक इस सीमा को पार करने में क्यों सफल हो रहे हैं और उन्हें रोकने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान सीमा सुरक्षा बल द्वारा पकड़े गए घुसपैठियों से संबंधित स्थिति निम्न प्रकार है: